# त्रैमासिक परीक्षा 2021-22

## विषय - जीव विज्ञान

समय : 2.30 घंटे **कक्षा - 11 वी** पूर्णांक-80

---

निर्देश : 1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। 2. प्रश्न क्रमांक 1 से 4 तक के लिए प्रत्येक प्रश्न पर 8 अंक आवंटित है। 3. प्रश्न क्रमांक 5 से 14 तक प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आवंटित है। प्रत्येक उत्तर लगभग 30 शब्दों में लिखिए। 4. प्रश्न क्रमांक 15 से 18 के लिए प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आवंटित है। प्रत्येक उत्तर लगभग 75 शब्दों में लिखिए। 5. प्रश्न क्रमांक 19 से 22 तक प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आवंटित है। प्रत्येक उत्तर लगभग 120 शब्दों में लिखिए। 6. आवश्यकतानुसार स्वच्छ एवं नामांकित चित्र बनाइए। 7. प्रश्न क्रमांक 5 से 22 तक सभी प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

---

**प्रश्न.1 सही विकल्प चुनिये -** **1x8=8**

1. पाँच जगत वर्गीकरण किस वैज्ञानिक ने दिया -
   (अ) लीनियस (ब) बेन्थम (स) हूकर (द) व्हिटेकर
2. पृथ्वी पर सबसे अधिक प्रकाश संश्लेषण किसके द्वारा होता है -
   अ) कवकों द्वारा (ब) शैवालों द्वारा
   (स) मरूस्थलीय पौधों द्वारा (द) स्थलीय पौधों द्वारा
3. केन्द्रक की खोज किसने की -
   (अ) श्लीडेन ने (ब) रॉबर्ट हुक ने (स) रॉबर्ट ब्राउन ने (द) मणे डल ने
4. पॉलीप तथा मेड्यूसा अवस्थाएं किसमें पाई जाती है -
   (अ) पोरीफेरा में (ब) सीलेन्ट्रेटा में (स) एनेलिडा में (द) मोलास्का में
5. स्वच्छ जलीय स्पंज है -
   (अ) साइकन (ब) यूस्पांजिया (स) स्पांजिला (द) हाइड्रा
6. निम्नलिखित में से कौन-से शैवाल समुद्र की गहराई में पाए जाते है -
   (अ) हरे शैवाल (ब) भूरे शैवाल (स) लाल शैवाल (द) हरे-नीले शैवाल
7. जल संवहन तंत्र किस संघ की विशेषताएं है -
   (अ) आर्थोपोड़ा (ब) एनेलिडा (स) इकाइनोडमेटा (द) प्रोटोजोआ
8. पक्षियों का हृदय कितनें कक्षीय होता है -
   (अ) एक कक्षीय (ब) दो कक्षीय (स) तीन कक्षीय (द) चार कक्षीय

**प्रश्न.2 रिक्त स्थान भरिए -** **1x8=8**

1. प्याज ............ का रूपांतरण हैं।

2. श्वसन मूल ........... में पाई जाती है।

3. जड़ बीज के............. से विकसित होती है।

4. पौधों में मूल से पानी तथा खनिज लवणों का परिवहन .......... द्वारा होता है।

5. पुष्प का नर भाग ............. कहलाता हैं।

6. आलू ............कुल का सदस्य है।

7. बीज आवरण की बाहरी सत्तह ................कहलाती है।

8. आम में फल का ..............., भाग खाया जाता है ।

**प्रश्न.3 एक वाक्य में उत्तर दीजिए -** **1x8=8**

1. एक बीजपत्री मूल में संवहन बंण्डल की संख्या कितनी होती है ?
2. एक बीजपत्री बीज में उपस्थित बड़ा बीजपत्र क्या कहलाता है ?
3. सबसे ऊंचे आवृतबीजीय का नाम लिखिए ?
4. किस संघ को नाइडेरिया के नाम से जाना जाता है ?
5. संघ प्लेटीहेलमिनथिंज के जीवो के उत्सर्जी अंग का नाम लिखिए ?
6. *PPLO* का पूरा नाम क्या हैं?
7. केचुएं में भोजन को पीसने के लिए कौन-सी रचना पाई जाती है ?
8. पणार्धार, पर्णवृंत व मध्यशिरा पौधे के किस भाग की रचनाएं है ?

**प्रश्न.4 सही जोड़ियाँ बनाकर लिखिए -** **1x8=8**

| कॉलम (अ) | कॉलम (ब) |
|---|---|
| 1. एस्कोमाइसिटीज | (अ) जिम्नोस्पर्म |
| 2. सिलैजिनेला | (ब) सेल्यूलोज (कोशिका भित्ति) |
| 3. पादप कोशिका | (स) पेनिसीलियम |
| 4. परिपक्व भ्रूणकोष | (द) ब्रायोफाइटा |
| 5. पादप जगत का उभयचर | (य) 8-कोशिकीय |
| 6. प्रोटीन निर्माण | (र) प्रांकुर |
| 7. तने का विकास | (ल) रेजिन, टेनिन |
| 8. अंतःकाष्ठ | (व) राइबोसोम |

**प्रश्न.5** अनुहरण से आप क्या समझते है?

**अथवा**

केचुए में उत्सर्जन रचना का नाम बताते हुए इसके **प्रकार** लिखिए।

प्रश्न.6 सममिति क्या है ? 2

अथवा

सीलोम क्या है ?

प्रश्न.7 कोशिका की परिभाषा लिखिए। 2

अथवा

केन्द्रक क्या है ?

प्रश्न.8 अमीबा व पैरामिशियम के चलन अंग का नाम लिखिए। 2

अथवा

युग्लीना व स्टारफिश में चलन किस रचना द्वारा होता है ?

प्रश्न.9 संघ मोलास्का के दो जंतुओं के नाम लिखिए। 2

अथवा

संघ आथोपीडा के 2 जंतुओं के नाम लिखिए।

प्रश्न.10 टेरिडोफाइटा समूह का सबसे बड़ा वर्ग है इस कथन के दो मुख्य कारण बताइये। 2

अथवा

विषम बीजाणुता क्या हैं ? समझाइये।

प्रश्न.11 दो मुख्य कोशिकांग लाइसोसोम व गॉल्गी उपकरण प्रत्यके के एक-एक कार्य को कीजिए। https://www.mpboardonline.com 2

अथवा

रसधानी क्या है ? समझाइये।

प्रश्न.12 पर्णविन्यास क्या है ? 2

अथवा

शिराविन्यास किसे कहते है ?

प्रश्न.13 शीतनिष्क्रियता से आप क्या समझते हैं ?

अथवा

ग्रीष्मनिष्क्रियता से आप क्या समझ

प्रश्न.14 उपास्थि के 2 गुण लिखिए।

अथवा

अस्थि के 2 गुण लिखिए।

प्रश्न.15 अरज्जुकी व रज्जुकी में कोई 3 अंतर लिखिए। 3

अथवा

स्तनधारी वर्ग के प्रमुख तीन लक्षण लिखिए। 5

प्रश्न 16 तंत्रिका कोशिका की संरचना चित्र सहित समझाइए। 3

अथवा

केंचुए को किसानों का मित्र क्यों कहा जाता है ?

प्रश्न 17 पादप कोशिका का स्वच्छ नामांकित चित्र बनाइये। 3

अथवा

जंतु कोशिका का स्वच्छ नामांकित चित्र बनाइये।

प्रश्न 18 जाइलम के आवश्यक भाग लिखते हुए, इसके दो कार्य लिखिए ? 3

अथवा

वार्षिक वलय क्या है ?

प्रश्न 19 एंजियोस्पर्म एवं जिम्नोस्पर्म में अंतर लिखिये। (कोई चार) 4

अथवा

शैवालों का आर्थिक महत्व लिखिये।

प्रश्न 20 प्रोकैरियोटिक एवं यूकैरियोटिक कोशिका में अंतर लिखिए ? (कोई चार

अथवा

गुणसूत्र बिंदु क्या है ? गुणसुत्र बिंदु के स्थिति के आधार पर गुणसूत्र का वर्गीकरण कीजिये।

प्रश्न 21 पादप कोशिका व जंतु कोशिका में अंतर लिखिए। (कोई चार ) 4

अथवा

माइटोकॉन्ड्रिया की संरचना लिखते हुए इसके 2 कार्यों को लिखिए।

प्रश्न 22 एकबीजपत्री व द्विबीजपत्री पौधों में चार अंतर लिखिए । 4

अथवा

द्विनिषेचन व त्रिसंलयन से आप क्या समझते हैं ?

●●●